श्री बंशीधर नगर, शनिवार
12.09.2026
भाद्रपद शुक्लपक्ष प्रतिपदा संवत 2084
वर्ष : 05, अंक : 22

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:32 बजे
अस्त - 06:21 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 25 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
15 सीटर बस में 32 बच्चे, चालक भी नशे में मिला >> पेज 03
वामिका समेत कई हस्तियों को 'सिने काइंड अवॉर्ड्स' >> पेज 05

## सुविचार

सफल व्यक्ति होने का प्रयास न करें, अपितु गरिमामय व्यक्ति बनने का प्रयास करें
-अल्बर्ट आइंस्टीन

## न्यूज अपडेट्स

### सिकंदराबाद में मद्रास रेजीमेंट से 12 हथियार और 1,800 से अधिक कारतूस चोरी, पूर्व हवलदार गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना के हैदराबाद ज़िले में स्थित सिकंदराबाद के बोल्लारम स्थित 20वीं बटालियन मद्रास रेजीमेंट से 12 हथियार और 1,800 से अधिक कारतूस चोरी होने के मामले का तेलंगाना पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में रेजीमेंट के पूर्व हवलदार उप्पुथोला मल्लेश (37) को गिरफ्तार किया है। मल्लेश 30 जून को ही सेना से सेवानिवृत्त हुआ था। तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सीवी आनंद ने बताया कि पुलिस ने चोरी किए गए सभी 12 हथियार और 1,800 से अधिक कारतूस बरामद कर लिए हैं। शुरूआती जांच में जब कोई ठोस सुराग नहीं मिला, तो खुफिया एजेंसियों ने करीब 8.5 लाख मोबाइल नंबरों का विश्लेषण किया। इसके अलावा मोबाइल फॉरेंसिक, सीसीटीवी फुटेज और स्निफर डॉग्स की मदद से जांच को आगे बढ़ाया गया। जांच के दौरान मल्लेश की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। पुलिस के मुताबिक, उसे 27 से 29 अगस्त के बीच रेजीमेंट परिसर के आसपास रेकी करते हुए देखा गया था। पूछताछ के लिए बुलाए जाने के बाद उसने अपने मोबाइल फोन से कॉल रिकॉर्ड और व्हाट्सऐप हिस्ट्री डिलीट कर दी। इसके बाद पुलिस का शक उस पर और गहरा गया। पुलिस के अनुसार, मल्लेश ने 30 अगस्त की रात रेजीमेंट परिसर में प्रवेश किया। उसने कोटे का ताला तोड़ा और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद एम्युनिशन चैंबर खोला। इसके बाद उसने वहां से हथियार और कारतूस चोरी कर लिए।

**श्रीबंशीधर नगर** ▶ **ढाई साल में सड़कें नहीं, सिर्फ वादों की पगडंडी : भवनाथपुर विस क्षेत्र की सड़कें बेहाल**

# जहां कदम रखो, वहीं गड्ढा!

## कहीं सड़क की जगह कीचड़, कहीं पगडंडी तो कहीं बरसाती नाला

नीलू चौबे

**श्री बंशीधर नगर।**
*सिर से सीने में कभी, पेट से पांव में कभी,*
*इक जगह हो तो कहें दर्द इधर होता है।*
दुष्यंत कुमार की यह पंक्ति आज भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की सड़कों पर हूबहू उतरती दिख रही है। फर्क सिर्फ इतना है कि यहां दर्द शरीर के किसी एक हिस्से में नहीं, पूरे इलाके की सड़कों में है। जहां कदम रखिए, गड्ढा मिलता है। जहां सड़क की उम्मीद कीजिए, वहां कीचड़, पगडंडी या बरसाती नाला रास्ता रोक देता है। भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की करीब-करीब सभी प्रखंडों में सड़कें बदहाली की तस्वीर पेश कर रही हैं। विधायक अनंत प्रताप देव के कार्यकाल के ढाई साल गुजर चुके हैं, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि उनकी नजर अब तक उन दर्जनों सड़कों पर नहीं पड़ी, जिनके सहारे गांवों की जिंदगी चलती है। नतीजा यह कि सड़क के अभाव में विकास की रफ्तार भी हांफ रही है। यह सवाल अब सिर्फ सड़क बनाने का नहीं है। सवाल यह है कि जिन रास्तों से रोज हजारों ग्रामीण, किसान, विद्यार्थी, मरीज और छोटे-बड़े कारोबारी गुजरते हैं, उन रास्तों की सुध आखिर कब ली जाएगी?

### 10 प्रखंडों की तस्वीर, एक ही दर्द : सड़क गायब

## गड्ढों में अटका गांवों का विकास



### 1. श्री बंशीधर नगर : सड़क है तो बदहाल, नहीं है तो पगडंडी

अमरसरई प्राथमिक विद्यालय से चल्हवा नदी होते फुटहा बांध तक, जोरमा मेन रोड से जोरमा भुईयां टोली तक, सुलसुलिया पचफेड़ी आम से सनपुरा होते पिपरडीह सिवान तक तथा पीपरडीह पक्की नहर से शिवशंकर यादव के घर, द्वारपाल मंदिर होते टरका पिपरडीह सिवाना क्वार्टर तक सड़क की स्थिति ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है।

### 2. सगमा : गांव जुड़ने की जगह रास्ते टूटे

सगमा से सेंधा, शारदा सिवाना से जौवराही, घघरी में राजेश गुप्ता के घर से पत्थर घाट स्कूल होते लालमुनी पासवान के घर तक, दिका कहार के घर से चैनपुर सिवान तथा सगमा-चैनपुर सिवान से धीरकर टोला तक सड़क की मांग लंबे समय से ग्रामीणों के बीच उठती रही है।

### 3. धुरकी : रास्ते के नाम पर इंतजार

शक्ति सिवान से करवा पहाड़ गांव होते लोलकी तक तथा खाला मस्जिद से बेलवा डामर तक सड़क की बदहाली ने ग्रामीण आवागमन को मुश्किल बना रखा है।

### 4. खरौंधी : आबादी जुड़ी, सड़क नहीं जुड़ी

चौरिया चौक से बगही पुल होते श्मशान घाट तक करीब 600 लोगों को जोड़ने वाली सड़क आज तक नहीं बन सकी। मुख्य पथ कूपा से शिवाजी नगर टोला होते मधमल्की घाट तक करीब 500 लोगों के आवागमन का रास्ता भी सड़क के इंतजार में है। प्रखंड कार्यालय से लामी सरहिया, गौरीशंकर बाबा से पिपरी, बजरमरवा मुख्य पथ से दुष्यनी टोला होते मोहल्लानिया और परती चौराहा तथा खरौंधी-नावाडीह मुख्य पथ से मटरवाला तीनमुहानी, बस्ती होते झुरीबांध तक सड़क की स्थिति भी सवाल खड़े करती है। इनमें कई सड़कें सैकड़ों से लेकर हजारों की आबादी को जोड़ती हैं।

### 5. विशुनपुरा : आजादी के बाद भी सड़क का इंतजार

विशुनपुरा हरिजन टोला की करीब डेढ़ किलोमीटर कच्ची सड़क कीचड़ में तब्दील है। अमहर के टाड़ी मोहल्ला के पचहुवा टोला के ग्रामीण पगडंडी के भरोसे हैं। बियार टोला तथा कोचेया मेन रोड स्थित एचपी पेट्रोल पंप से विनोद सिंह के घर होते बांकी नदी तक कच्चा रास्ता ग्रामीणों के लिए आज भी मजबूरी है। ग्रामीणों का दावा है कि यह रास्ता आजादी के बाद से अब तक पक्की सड़क का इंतजार कर रहा है।

### 6. कांडी : हर टोले की अपनी सड़क की पीड़ा

हरिहरपुर बलि बाबा से महुआ धाम, लोहरगड़ा सिवाना से बंगला टोला, प्राथमिक विद्यालय से पचपटिता टोला, नाग बाबा से बनियां टोला, मेन रोड से डीह टोला तथा रपुरा में ललु राम के घर से कुंवर सिंह के घर तक सड़क की मांग ग्रामीणों की परेशानी को सामने रखती है।

### 7. भवनाथपुर : मुख्य सड़क से गांव तक पहुंचने में ही अड़चन

लहरहा गांव से टाउनशिप मुख्य पथ तक करीब दो किलोमीटर सड़क नहीं है। पंडरिया पंचायत में कोण मंडरा मुख्य पथ से धनी मंडरा गांव तक, मंगरदह मुख्य पथ से अमोद भुईयां के घर तक तथा फुलवार में देवीधाम मंदिर से सुखाड़ी सिंह के घर तक सड़क का अभाव ग्रामीणों के आवागमन पर भारी पड़ रहा है।

### 8. रमना : आदिम जनजाति बहुल गांव, सड़क फिर भी नहीं

बारपानी गांव की आबादी एक हजार से अधिक बतायी जाती है। आदिम जनजाति बहुल इस गांव तक पहुंचने के लिए आज भी करीब पांच किलोमीटर पगडंडी और बरसाती नाले का सहारा लेना पड़ता है। ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय पहुंचने के लिए मौसम से लड़ना पड़ता है। बरसात में रास्ता नहीं, मानो गांव का संपर्क ही कट जाता है।

### 9. डंडई : स्कूल तक बच्चों का रास्ता भी सुरक्षित नहीं

लवाही पेट्रोल पंप-नाहर रोड से बाले खांड़ घघरवा पुल तक प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने वाली सड़क की स्थिति सवालों में है। वहीं बैरिया डामर मध्य विद्यालय तक पहुंचने के लिए बच्चों को पगडंडी का सहारा लेना पड़ता है। सवाल यह है कि जिस रास्ते से बच्चे रोज स्कूल जाते हैं, वह सड़क कब बनेगी?

### 10. केतार : गांवों को मुख्य पथ से जोड़ने वाली कड़ियां गायब

परती मुख्य पथ से रतन चेरो के घर तक तथा परती-कुशवानी पंचायत में वारवाशिला में रंजय यादव के घर से पूर्व मुखिया चंद्रदेव उरांव के घर तक सड़क की मांग भी ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण बनी हुई है।

### सड़क नहीं तो विकास की रफ्तार कैसे?

सड़क सिर्फ आवागमन का साधन नहीं होती। सड़क के साथ बाजार आता है, रोजगार आता है, स्कूल और अस्पताल तक पहुंच आसान होती है और गांव की अर्थव्यवस्था मुख्यधारा से जुड़ती है। लेकिन जब सड़क ही नहीं होगी तो किसान अपनी उपज बाजार तक कैसे पहुंचाएगा? मरीज अस्पताल तक कितनी जल्दी पहुंचेगा? बच्चों की पढ़ाई पर क्या असर पड़ेगा? गांव में कारोबार और रोजगार कैसे बढ़ेगा? खराब सड़क का सीधा असर ग्रामीणों की जेब पर भी पड़ता है। दोपहिया और चारपहिया वाहनों की मरम्मत का खर्च बढ़ता है। गड्ढों से वाहन क्षतिग्रस्त होते हैं और ईंधन की खपत भी बढ़ती है। सबसे गंभीर असर आपात स्थिति में पड़ता है। एम्बुलेंस के लिए खराब सड़क सिर्फ असुविधा नहीं, जिंदगी और मौत के बीच का समय बन सकती है।

### 2.5 साल का सवाल : आखिर सड़कें कब?



भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अब सवाल पूछ रहे हैं—ढाई साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद भी यदि गांवों को सड़क नहीं मिलती तो विकास का दावा किस आधार पर? इलाके में सड़कें सिर्फ गड्ढों में तब्दील नहीं हुई हैं, बल्कि कई जगह सड़क का अस्तित्व ही खत्म हो चुका है। कहीं कच्चा रास्ता कीचड़ में बदल गया है तो कहीं ग्रामीण पगडंडी से गुजरने को मजबूर हैं। जनप्रतिनिधि का कार्यकाल सिर्फ समय बीतने का नाम नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं के समाधान का हिसाब भी है। भवनाथपुर विधानसभा की सड़कें अब इसी हिसाब की मांग कर रही हैं।

### बड़ा सवाल

ढाई साल में भी अगर गांवों की सड़कें नहीं सुधरीं, तो आखिर कब तक गड्ढों के भरोसे चलेगा भवनाथपुर?

## झारखंड में कैंसर के इलाज का बड़ा प्लान, छह शहरों में खुलेंगे रेडिएशन सेंटर

# मेडिकल कॉलेजों में पीपीपी मॉडल पर कैंसर डे-केयर यूनिट

### रांची समेत छह शहरों में लगेंगी अत्याधुनिक लीनैक मशीनें

बंशीधर न्यूज

**रांची।** कैंसर के इलाज के लिए अब झारखंड के मरीजों को दूसरे राज्यों के बड़े अस्पतालों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। राज्य सरकार ने कैंसर उपचार को जिलों और संभागों के करीब पहुंचाने के लिए छह प्रमुख शहरों में अत्याधुनिक रेडिएशन सेंटर विकसित करने तथा मेडिकल कॉलेजों में पीपीपी मॉडल पर कैंसर डे-केयर यूनिट शुरू करने की तैयारी तेज कर दी है। योजना जमीन पर उतरती है तो कैंसर उपचार की मौजूदा व्यवस्था में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को योजना का प्रस्ताव तेजी से तैयार करने का निर्देश दिया गया है। सरकार ने कैंसर उपचार केंद्रों को दो क्लस्टर में विकसित करने की योजना बनाई है।



### छह शहरों में अत्याधुनिक रेडिएशन सेंटर

पहले क्लस्टर में जमशेदपुर, धनबाद और दुमका, जबकि दूसरे क्लस्टर में रांची, हजारीबाग और पलामू को शामिल किया गया है। इन केंद्रों में कैंसर कोशिकाओं को सटीक तरीके से नष्ट करने के लिए अत्याधुनिक लीनैक मशीनें लगाई जाएंगी। साथ ही जिला अस्पतालों में कीमोथेरेपी की सुविधा मजबूत करने के लिए उपकरण, दवाओं और जरूरी मानवबल का आकलन कर रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया है।

### आयुष्मान-अबुआ कार्डधारियों को कैशलैश इलाज

कैंसर उपचार के भारी खर्च से मरीजों को राहत देने के लिए सरकार ने मुफ्त और सस्ती चिकित्सा व्यवस्था का खाका भी तैयार किया है। आयुष्मान भारत और अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के कार्डधारियों को निर्धारित पैकेज के तहत कैशलैश इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं अन्य मरीजों के लिए शुल्क सीजीएचएस दरों के अनुरूप कम रखने की योजना है।

### रांची-जमशेदपुर-धनबाद में बढ़ेगी पीइटी स्कैन सुविधा

कैंसर की सटीक जांच के लिए रांची, जमशेदपुर और धनबाद में पीईटी स्कैन सुविधा के विस्तार की योजना है। रेडिएशन थेरेपी के संचालन में विशेषज्ञ डॉक्टरों और रेडियो फिजिसिस्ट की कमी दूर करने के लिए बिहार के सफल कैंसर डे-केयर मॉडल का अध्ययन किया जाएगा। साधारण डे-केयर सेंटरों में प्रशिक्षित मेडिकल अफसर मरीजों की देखभाल करेंगे, जबकि रेडिएशन सेंटरों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती होगी।

### रिम्स में बनेगा कमांड एवं कंट्रोल सेंटर

पूरी व्यवस्था की निगरानी के लिए रिम्स में केंद्रीय कमांड एवं कंट्रोल सेंटर बनाने का प्रस्ताव है। योजना को तेजी से लागू करने के लिए विशेष विभागीय समिति गठित की जा रही है। यह समिति टेंडर प्रक्रिया से लेकर केंद्र सरकार के बीजीएफ फंड से जुड़ी स्वीकृतियों तक की निगरानी करेगी। अगर यह योजना तय समय में जमीन पर उतरती है, तो झारखंड में कैंसर मरीजों के लिए इलाज की पहुंच, लागत और सुविधा—तीनों स्तरों पर बड़ा बदलाव संभव है।

# प्रमुख ने कचरा डंपिंग यार्ड बनाये जाने का किया विरोध, अंतिम दम तक होगी लड़ाई



बंशीधर न्यूज

**मझिआंव :** प्रमुख आरती दुबे ने सोनपुरवा पंचायत के मझिगांवा गांव में नगर पंचायत का कचरा डंपिंग यार्ड बनाये जाने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है। आरती दुबे ने कहा है कि मझिआंव सीओ द्वारा मझिआंव नगर पंचायत का कचरा डंपिंग यार्ड मझिगांवा में बनाने के लिये परमिट दिये जाने की जानकारी उन्हें मिली है, जिससे वह बेहद व्यथित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस महत्वपूर्ण फैसले से पहले स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत के मुखिया और ग्राम सभा से राय लेना जरूरी नहीं समझा गया। प्रमुख ने कहा कि सोनपुरवा पंचायत अब उनका घर है और यहां की जनता ने उन्हें बहू-बेटी का प्यार और आशीर्वाद देकर प्रमुख बनाया है, इसलिये अपने क्षेत्र और जनता की रक्षा करना उनका पहला धर्म है। उन्होंने कहा कि मझिगांवा एक सुंदर और कृषि प्रधान गांव है, जहां बड़ी संख्या में बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे और परिवार रहते हैं। ऐसे में अगर वहां नगर का कचरा डंप किया जाता है तो दुर्गंध, प्रदूषण और बीमारियों जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। आरती दुबे ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नगर का कचरा नगर क्षेत्र में ही डंप किया जाना चाहिये, ग्रामीण क्षेत्र में नहीं। उन्होंने घोषणा की कि वह मझिगांवा में डंपिंग यार्ड बनाये जाने के परमिट को रद्द कराने के लिये हर संभव प्रयास करेंगी। आरती दुबे ने इसे अपने घर और क्षेत्र के सम्मान की लड़ाई बताते हुये सोनपुरवा पंचायत की जनता से समर्थन और आशीर्वाद की अपील की है।

## न्यूज अपडेट्स

### कार हटाने को लेकर मारपीट और चेन छिनतई के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

**रांची।** रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में कार हटाने को कहने पर मारपीट और सोने की चेन छीनने के मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर छीनी गई सोने की चेन भी बरामद कर ली गई है। कोतवाली एएसपी निखिल राय ने शुक्रवार को बताया कि 06 सितंबर को पिंकू कुमार चौधरी अपनी कार से अमरूद बगान स्थित अपने घर जा रहे थे। हरेगोबिंद नर्सिंग होम के पास सड़क पर एक कार और टेंपो खड़ा था। पिंकू ने टेंपो चालक सूरज यादव से वाहन हटाने को कहा। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि सूरज यादव अपने बेटों रोहित यादव, मोहित यादव और अंशु यादव सहित 4-5 अन्य लोगों को बुलाकर लाया। इसके बाद सभी ने पिंकू के साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक जिसके बाद पिंकू ने मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन आरोपितों ने उसे घेर लिया और गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसी दौरान उसके गले से सोने की चेन भी छीन ली गई और धमकी देकर वहां से चले जाने को कहा गया। घटना के बाद पिंकू ने सुखदेवनगर थाना में मामला दर्ज कराया। मामले की जांच के लिए सहायक पुलिस अधीक्षक कोतवाली निखिल राय के नेतृत्व में छापेमारी टीम बनाई गई। पुलिस ने 10 सितंबर की रात कार्रवाई करते हुए मोहित कुमार और राजेन्द्र महली को उनके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने मोहित कुमार की निशानदेही पर उसके घर से छीनी गई सोने की चेन बरामद कर ली। पुलिस के अनुसार, मामले में शामिल अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## गढ़वा जनसुनवाई में गूंजी फरियाद

# डीसी ने दिये त्वरित कार्रवाई के निर्देश

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** समाहरणालय सभागार में डीसी पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में जनसुनवाई हुई। इसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, अतिक्रमण, रोजगार और बकाया मजदूरी समेत कई समस्याएं रखीं। डीसी ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को जल्द समाधान का निर्देश दिया। सदर प्रखंड के सोनपुरवा वार्ड नंबर-3 निवासी अनिल कुमार पासवान ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का लाभ दिलाने की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि वह अत्यंत गरीब परिवार से हैं और उनके पास अपना पक्का मकान नहीं है। वर्तमान में वह किराये के मकान में रहने को मजबूर हैं। धुरकी प्रखंड के मिर्चइया निवासी रेणु देवी ने आंगनबाड़ी सेविका चयन में अनियमितता का आरोप लगाते हुये जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि वह भी चयन की उम्मीदवार थीं और उनकी शैक्षणिक योग्यता चयनित अभ्यर्थी से अधिक है। साथ ही चयनित सेविका पर पूर्व से प्राथमिकी दर्ज होने की बात कही। भवनाथपुर प्रखंड के बुका निवासी शशिकांत यादव ने नगर-भवनाथपुर-पाचाडुमर सड़क निर्माण में अधिग्रहित भूमि का नक्शा और नकल नहीं मिलने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि इसके लिए कई बार जिला अभिलेखागार में आवेदन दे चुके हैं। वहीं सिंदुरिया निवासी सूरज कुमार ने झारसेवा पोर्टल पर जाति एवं निवास प्रमाण पत्र का आवेदन अस्वीकृत किये जाने की शिकायत की। उन्होंने पिता के पूर्व से निर्गत प्रमाण पत्र और वंशावली के आधार पर प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की। डीसी ने सभी मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## मोहम्मदगंज स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव और यात्री सुविधाओं के विस्तार की मांग

बंशीधर न्यूज



**मोहम्मदगंज :** मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार और महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर के महाप्रबंधक के नाम स्टेशन प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 14021/14022 पुरुलिया-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस और 18061/18062 संतरागाछी-खातीपुरा एक्सप्रेस का मोहम्मदगंज में ठहराव देने की मांग प्रमुखता से की गई है।

लोगों ने कहा कि मोहम्मदगंज स्टेशन पलामू के अलावा गढ़वा जिले के कई प्रखंडों और सीमावर्ती क्षेत्रों के यात्रियों के लिये महत्वपूर्ण रेल केंद्र है। प्रतिदिन विद्यार्थी, व्यापारी, नौकरीपेशा, मरीज और आम यात्री यहां से विभिन्न शहरों के लिये यात्रा करते हैं। आबादी और यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुये स्टेशन की सुविधाओं का विस्तार जरूरी है। ज्ञापन में बड़ी एलईडी ट्रेन सूचना प्रणाली, पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे, रविवार को नियमित पीआरएस काउंटर, दो यूटीएस काउंटर या कम से कम एक एटीवीएम, सभी प्लेटफॉर्म पर महिला, पुरुष व दिव्यांगों के लिये शौचालय तथा कोच पोजीशन डिस्प्ले बोर्ड लगाने की मांग की गई। इसके अलावा प्रथम और द्वितीय श्रेणी के अलग-अलग प्रतीक्षालय, पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, पंखे, प्रकाश और पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई। मोहम्मदगंज-कोशिआरा के बीच बेगमपुरा गांव और राजनडीह के समीप अंडरपास निर्माण की मांग भी रखी गई। ज्ञापन सौंपने वालों में सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रदेश भाजपा नेता कामेश्वर कुशवाहा, कामेश्वर सिंह, सुशील मेहता, रौशन कुमार, बबलू पासवान, लखन यादव, सच्चिदानंद सिंह, कन्हाई राम, पवन प्रजापति, सुरेन्द्र कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

### मिठाई में मिला अखाद्य रंग, 50 किलो मिठाई नष्ट

**हरिहरगंज :** खाद्य पदार्थों में मिलावट और विद्यालयों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग ने हरिहरगंज बाजार में जांच अभियान चलाया। इस दौरान करीब 50 किलो अखाद्य रंग वाली मिठाई पाई गई, जिसे मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। वहीं अररुआ खुर्द मिडिल स्कूल के आसपास तंबाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों पर सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 (कोटपा) के तहत जुमार्ना लगाया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, पलामू-1 लव कुमार गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने बस स्टैंड के समीप स्थित मिठाई दुकानों की जांच की। बसंत बहार स्वीट्स, बिट्ठू मिष्ठान भंडार, भैया लाल मिष्ठान भंडार और शालीमार स्वीट्स समेत अन्य प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता, रख-रखाव और भंडारण व्यवस्था की जांच की गई। जांच के दौरान मिठाइयों में इस्तेमाल किया गया रंग खाद्य उपयोग के लिए अनुमन्य नहीं पाया गया। इसके बाद करीब 50 किलो मिठाई को नष्ट करा दिया गया।

### एक्सप्रेसबीज कार्यालय के सामने से स्प्लेंडर बाईक चोरी

**हुसैनाबाद :** थाना क्षेत्र के हरिहर चौक स्थित पुरानी भट्ठी के समीप एक्सप्रेसबीज कार्यालय के सामने से स्प्लेंडर बाईक चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना 9 सितंबर की बताई जा रही है। इस संबंध में जपला चौबे नदी निवासी 22 वर्षीय विकास कुमार चौधरी ने हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर बाईक बरामद करने की गुहार लगाई है।

### हत्या के प्रयास के मामले में एक आरोपी को 10 वर्ष सश्रम कारावास

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के एडीजे-वन राजकुमार मिश्रा की अदालत ने हत्या के प्रयास के मामले में पंडवा थाना अंतर्गत चिल्ली बरवाडीह निवासी राहुल प्रसाद को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 25 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। अर्थ दंड की राशि नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी।

### दुर्गा पूजा को लेकर ग्रामीणों की बैठक



**कांडी :** प्रखंड की शिवपुर पंचायत अंतर्गत अधौरा गांव स्थित देवी मंदिर परिसर में गुरुवार की रात्रि में दुगार्पूजा को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता राम रंजन सिन्हा ने किया। दुगार्पूजा के सफल आयोजन को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया।जिसमें अध्यक्ष प्रिय कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष लव कुमार सिन्हा, सचिव शैलेश कुमार पासवान, उप सचिव रंजन कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष विमलेश कुमार, संरक्षक वार्ड 6 के वार्ड प्रतिनिधि इसराइल अंसारी, वार्ड 4 के वार्ड प्रतिनिधि नंद कुमार राम, शंभू साव साथ हीं 16 सदस्यीय सदस्यों को मनोनीत किया गया है। बैठक में सोनू कुमार चंद्रवंशी, अमरेश कुमार, केशव कुमार, अभय कुमार, मोहित कुमार, अनूप कुमार, विनय कुमार गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

### रांची में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम, 70 मामलों का निपटारा

**रांची।** जिले के विभिन्न थाना और ओपी में शुक्रवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने आम लोगों से मुलाकात कर उनकी शिकायतें सुनीं और कई मामलों का तत्काल निपटारा किया। वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन के निर्देश पर नगर एसपी पारस राणा, ग्रामीण एसपी गौरव गोस्वामी, यातायात एसपी राकेश सिंह, सभी डीएसपी और थाना प्रभारियों ने अपने-अपने निर्धारित थाना क्षेत्रों में मौजूद रहकर लोगों की शिकायतें सुनीं। पुलिस के अनुसार, जिले के अलग-अलग थानों में करीब 110 शिकायत और आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 70 मामलों का त्वरित कार्रवाई करते हुए उसी दिन निपटारा कर दिया गया। वहीं, कुछ संवेदनशील मामलों में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 5 प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि बाकी शिकायतों की भी गुणवत्तापूर्ण तरीके से जांच की जा रही है। शिकायतों के आधार पर संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं को सीधे सुनना और उनका तेजी से समाधान करना है।

## कृषि मंत्री ने सहकारिता प्रभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की, कहा

# सहकारिता को आधुनिक तकनीक से जोड़ना जरूरी

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को नेपाल हाउस स्थित सभागार में सहकारिता प्रभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में विभाग के सचिव, विशेष सचिव, निबंधक, सहयोग समितियां और सभी एपेक्स सोसाइटी के प्रबंध निदेशक उपस्थित थे। इनमें झास्कोलैम्प्स, झमकोफेड, सिद्धकोफेड, झास्कोफिश एवं झारखंड मिल्क फेडरेशन के एमडी शामिल थे। बैठक में विभाग के बजटीय प्रावधानों और व्यय की प्रगति, संचालित योजनाओं की स्थिति, बेहतर प्रदर्शन कर रही योजनाओं एवं चालू वित्तीय वर्ष में शुरू की गई नई योजनाओं की कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों, कमियों और सुधार की संभावनाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाओं का बजट खर्च करना नहीं, बल्कि ऐसी योजनाएं जमीन पर उतारना है, जिनका सीधा और स्थायी लाभ किसानों, उत्पादकों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिले। इसके लिए योजनाओं की नियमित समीक्षा और समयबद्ध क्रियान्वयन जरूरी है। मंत्री ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष के बजट में सरकार ने हर विधानसभा क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज-कम-मार्केटिंग सेंटर स्थापित करने की महत्वपूर्ण योजना ली है। इसके लिए डीपीआर तैयार कराने की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन अब तक प्राप्त डीपीआर से विभाग पूरी तरह संतुष्ट नहीं है।



उन्होंने विभाग को निर्देश दिया कि देशभर में बेहतर लॉजिस्टिक और कोल्ड-चेन सिस्टम विकसित करने वाली अग्रणी कंपनियों को भी कंसल्टेंसी के लिए आमंत्रित किया जाए और उनके तकनीकी सुझाव लिए जाएं, ताकि परियोजना को भविष्य की जरूरतों और आधुनिक तकनीक के अनुरूप तैयार किया जा सके। मंत्री ने कहा कि राज्य के लगभग 20 जिलों में 5,000 मीट्रिक टन क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेज बनाए गए हैं, उन्होंने कहा कि कोल्ड स्टोरेज-कम-मार्केटिंग सेंटर सरकार की एक बड़ी और दीर्घकालिक परियोजना है, जिसमें बड़ी राशि का निवेश होना है। इसलिए इसकी योजना और तकनीकी संरचना ऐसी होनी चाहिए, जिसमें आधुनिक तकनीक, ऊर्जा दक्षता, बेहतर लॉजिस्टिक्स, मार्केटिंग एवं भविष्य की आवश्यकताओं को शुरूआत से ही शामिल किया जाए। बैठक में सिद्धकोफेड की ओर से प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत सरकारी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के लिए रागी (मड़ुवा) के आटे की आपूर्ति से संबंधित प्रस्ताव की भी समीक्षा की गई।

# 2,627 करोड़ की रेल परियोजना की मंजूरी पर सांसद विष्णु दयाल राम का स्वागत




बंशीधर न्यूज

**छतरपुर :** शेरघाटी,छतरपुर,कजरी नई ब्रॉडगेज रेल लाईन के निर्माण के लिये 2,627.29 करोड़ रुपये की परियोजना राशि स्वीकृत होने पर भाजपा कार्यकताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने सांसद विष्णु दयाल राम का स्वागत किया। छतरपुर बाजार स्थित रामजानकी मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने परियोजना की स्वीकृति पर खुशी जताते हुये सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया। सांसद ने परियोजना की स्वीकृति के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताते हुये कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से पलामू संसदीय क्षेत्र में विकास की कई बड़ी परियोजनाओं को गति मिल रही है। शेरघाटी से कजरी तक 107.894 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन क्षेत्र के लिये बड़ी सौगात है। उन्होंने कहा कि परियोजना के पूरा होने से छतरपुर सहित आसपास के क्षेत्रों की रेल कनेक्टिविटी मजबूत होगी और आवागमन सुगम होगा। इससे व्यापार, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं पर्यटन के क्षेत्र में विकास की नई संभावनाएं पैदा होंगी। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, ईश्वरी पाण्डेय, राम प्रसाद, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, सुधीर सिन्हा, रौशन सिंह, कमलेश गुप्ता, अशोक मिश्रा, प्रयाग विश्वकर्मा, सुदामा पासवान, गोविन्द प्रसाद, उपेन्द्र सिंह, कुन्दन प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## न्यूज अडेट्स

### राष्ट्रीय लोक अदालत आज, 11 पीठों में मामलों का होगा निस्तारण

**मेदिनीनगर :** झालसा के निर्देश पर पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 12 सितंबर को व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इसकी कार्यवाही सुबह 11 बजे से शुरू होकर न्यायालय की कार्य अवधि तक चलेगी। लोक अदालत को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रभारी सचिव गौरव खुराना ने बताया कि मामलों के त्वरित एवं आपसी सहमति से निस्तारण के लिये 11 पीठों का गठन किया गया है। इनमें कुटुंब न्यायालय, एमएसीटी, आपराधिक एवं सिविल अपील, बिजली, वन एवं उत्पाद विभाग, रेलवे, एनआई एक्ट, उपभोक्ता फोरम, प्री-लिटिगेशन, राजस्व, कार्यपालक एवं श्रम विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई होगी। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण करने का प्रयास किया जायेगा। हुसैनाबाद और छतरपुर अनुमंडलीय न्यायालयों में भी कार्यपालक एवं राजस्व से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जायेगा। लोगों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क भी बनाया गया है, जहां अधिवक्ता पुष्कर राज और पीएलवी अनुरेखा देवी सहायता करेंगे। न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं की टीम को अलग-अलग पीठों में जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्राधिकार ने संबंधित पक्षकारों से लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की है।

## औचक निरीक्षण स्कूल व स्कूल बस में मिलीं कई अनियमितताएं

# 15 सीटर बस में 32 बच्चे, चालक भी नशे में मिला

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** डीसी-सह-जिला दंडाधिकारी पशुपति नाथ मिश्रा के निर्देश पर डीईओ जगरनाथ लोहरा और मोटरयान निरीक्षक मनीष कुमार गुप्ता ने आरके पब्लिक स्कूल हूर का औचक निरीक्षण किया। जांच में स्कूल की मान्यता से लेकर बच्चों के सुरक्षित परिवहन तक कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में छुट्टी हो चुकी थी। प्रधानाध्यापिका के अनुसार कक्षा एक से आठ तक 231 बच्चे नामांकित हैं। स्कूल में 18 शिक्षक और पांच शिक्षकेत्तर कर्मी कार्यरत हैं और सभी उपस्थित मिले। विद्यालय की मान्यता और यू-डाईस कोड के संबंध में प्रधानाध्यापिका ने बताया कि आवेदन प्रक्रियाधीन है। फिलहाल स्कूल का संचालन आरके पब्लिक स्कूल सोनपुरवा के यू-डाईस कोड से किया जा रहा है। निरीक्षण के समय स्कूल संचालन से जुड़े आवश्यक दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किये जा सके। बच्चों को लाने-ले जाने वाली बसों की जांच में सबसे गंभीर मामला सामने आया। जेएच 14 ए-3220 नंबर की 15 सीटर बस में 32 बच्चे सवार मिले। वाहन का प्रदूषण प्रमाण पत्र, बीमा, फिटनेस और परमिट फेल पाया गया। इतना ही नहीं, चालक मादक पदार्थ का सेवन करते हुये पाया गया। वहीं जेएच 14 पी-3506 नंबर की 22 सीटर बस में 41 बच्चे सवार थे। इस वाहन का परमिट भी फेल मिला। दोनों बसों में फर्स्ट एड बॉक्स और जीपीएस की सुविधा नहीं थी। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि कुल पांच बसों की व्यवस्था है, लेकिन निरीक्षण के दिन दो ही बसें चल रही थीं। बाकी बसें खराब थीं। अभिभावकों द्वारा निजी स्तर पर टेंपो से बच्चों को लाने-ले जाने की जानकारी भी दी गई। डीईओ ने विद्यालय प्रबंधन से 13 बिंदुओं पर साक्ष्य सहित प्रतिवेदन दो दिनों के भीतर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इसमें मान्यता, यू-डाईस, भवन व अग्निशमन एनओसी, प्राथमिक उपचार, पेयजल, शिक्षकों की नियुक्ति व योग्यता, वेतन, भूमि और सभी स्कूल बसों के दस्तावेज शामिल हैं। निर्धारित अवधि में दस्तावेज नहीं देने पर विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ नियमसंगत कार्रवाई की जायेगी। साथ ही विद्यालय बंद करने के संबंध में उच्चाधिकारियों को प्रतिवेदन भेजा जा सकता है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा और सुरक्षित परिवहन व्यवस्था से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## श्री बंशीधर मंदिर में मनाया गया विहिप का 62 वां स्थापना दिवस

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** विश्व हिंदू परिषद का 62 वां स्थापना दिवस यहां श्री बंशीधर मंदिर के प्रांगण में समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह का शुभारंभ श्री बंशीधर जी एवं बजरंग बली की पूजा अर्चना कर की गई। तत्पश्चात वेब के जिला अध्यक्ष प्रताप देव ने उपस्थित अतिथियों को देकर सम्मानित किया। उस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सत्संग टोली सदस्य रामप्रताप सिंह ने संगठन एवं एकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा की समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसकी एकता और संगठन होता है। उन्होंने लोगों से संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। जिलाध्यक्ष राजेश प्रताप देव ने भी संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। उस मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री रवींद्र प्रसाद यादव, अध्यक्ष गौरव पांडेय, उत्कर्ष जायसवाल, आकाश कुमार, निखिल कुमार, अमन कुमार, रौनक कुमार, आदित्य कमलापुरी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एसआईआर कार्य में लापरवाही पर दो कर्मियों पर कार्रवाई की तैयारी



**बरडीहा :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 77 विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विशेष सघन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही और अनुशासनहीनता बरतने के मामले में प्रशासन ने प्रखंड तकनीकी प्रबंधक और सहायक तकनीकी प्रबंधक के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। दोनों कर्मियों के नियमित रूप से प्रखंड मुख्यालय में उपस्थित नहीं रहने और निर्वाचन कार्य में योगदान नहीं देने को गंभीरता से लिया गया है। इस संबंध में बीडीओ सह अतिरिक्त सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रवीण सिंह ने जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक (आत्मा) गढ़वा को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई की अनुशंसा की है। पत्र में कहा गया है कि दोनों कर्मियों को मतदाता सूची की विसंगतियों के निष्पादन और भौतिक सुनवाई (हियरिंग) जैसे महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त किया गया है। इसके बावजूद वे बिना पूर्व सूचना के अनधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं। दोनों कर्मियों से पूर्व में भी स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जब तक संबंधित कर्मी प्रखंड कार्यालय में योगदान देकर विधिवत स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करते, तब तक अगले आदेश तक उनके वेतन की निकासी पर रोक रहेगी। साथ ही चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समयावधि में एसआईआर निर्वाचन कार्य में योगदान सुनिश्चित नहीं करने पर दोनों कर्मियों को सेवा से बर्खास्त करने की अनुशंसा उच्चाधिकारियों को भेजी जायेगी। बीडीओ ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण और समयबद्ध कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

## आठ किमी पैदल निकले बीडीओ-सीओ, गांवों में योजनाओं की ली जानकारी

**बरडीहा :** बीडीओ सह सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने सुबह छह बजे अपने आवास से करीब आठ किलोमीटर पैदल भ्रमण कर लेभरी, खरडीहा, मदरसा चौक और आदर गांव के विभिन्न टोलों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विकास योजनाओं की जमीनी स्थिति देखी और ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान दो खराब चापानल की शिकायत ग्रामीणों ने की। बीडीओ-सीओ ने दोनों चापानलों का जियो-टैग फोटो लेकर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को भेजा। विभागीय इंजीनियर ने बताया कि बारिश के कारण 15 सितंबर तक मेंटेनेंस प्रभावित है, जिसके बाद चापानलों की मरम्मत कराई जायेगी। वहीं तीन खराब जलमीनारों को लेकर संबंधित मुखिया को तत्काल मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान बारिश से पूरी तरह क्षतिग्रस्त दो मकानों में रहने वाली महिलाओं से भी उन्होंने मुलाकात की। बीडीओ ने उन्हें 100 प्रतिशत क्षतिपूर्ति के दायरे में चयनित कर आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। कई अन्य क्षतिग्रस्त कच्चे मकानों का भी उन्होंने अंदर जाकर जायजा लिया। महिलाओं ने विधवा सम्मान पेंशन नहीं मिलने की शिकायत की। इस पर उन्होंने संबंधित मुखिया और वार्ड प्रतिनिधियों को जरूरतमंद महिलाओं से आवेदन लेकर प्रखंड कार्यालय में जमा कराने का निर्देश दिया। कब्रिस्तान के रास्ते की समस्या पर ग्रामीणों से पहले आपसी सहमति बनाने को कहा गया। वहीं खराब ग्रामीण सड़कों को जीएसबी अथवा मिट्टी-मोरम योजना से लेने का निर्देश दिया। सेमरी में नवनिर्मित पीसीसी पथ की गुणवत्ता खराब मिलने पर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। भ्रमण के दौरान सांप के काटने से मृत व्यक्ति के परिजन ने सरकारी सहायता नहीं मिलने की बात कही। बीडीओ ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट सहित आवेदन जमा कराने को कहा, ताकि चार लाख रुपये की सहायता के लिये जिला प्रशासन को प्रस्ताव भेजा जा सके।

## पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**कांडी :** पुलिस ने फरार अभियुक्त चतरा जिला अंतर्गत थाना हंटरगंज के एकतारा निवासी मनीष कुमार दास के घर पर इस्तेहार चस्पा किया है। एसआई रौशन राम ने बताया कि उक्त अभियुक्त पिछले दो वर्षों से फरार चल रहा है। आज गांव के लोगों की उपस्थिति में अभियुक्त के घर पर इस्तेहार चस्पा किया गया है।

## पुलिस ने पशुओं की तस्करी किये जाने के मामले में की कार्रवाई

# चार गिरफ्तार, बड़ी संख्या में पशु बरामद

बंशीधर न्यूज






**श्री बंशीधर नगर :** पुलिस ने पशुओं की तस्करी किये जाने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुये चार पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। साथ ही बड़ी संख्या में पशुओं को बरामद किया है। पुलिस के अनुसार पशु तस्करों के द्वारा विगत रात्रि कोइंदी गांव के जंगल के रास्ते से चोरी-छिपे गोवंशीय पशुओं को ले जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुये चार पशु तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करों में थाना क्षेत्र के विशुनपुर निवासी अनवर खान एवं शमशेर खान, कोइन्दी के फजल हुसैन एवं विशुनपुरा थाना क्षेत्र के पतिहारी गांव के अली हुसैन के नाम शामिल हैं। पुलिस ने गिरफ्तार सभी तस्करों के विरुद्ध थाना में मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उधर पुलिस की इस कार्रवाई के बाद पशु तस्करों में हड़कंप मच गया है। पुलिस का कहना है कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

# दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने में केंद्र की महत्वपूर्ण पहल है सहायक उपकरण : सांसद



बंशीधर न्यूज

**छतरपुर :** प्रखंड परिसर में शुक्रवार को केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की एडीआईपी एवं आरवीवाई योजना अंतर्गत दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के बीच विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में लाभार्थियों के बीच सहायक उपकरण सांसद विष्णु दयाल राम ने वितरित किये। सांसद ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंद एवं वंचित लोगों के जीवन को सुगम, सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने के लिये निरंतर कार्य कर रही है। दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और दैनिक जीवन में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सहायक उपकरण उपलब्ध कराना केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होता है, जब उसका लाभ पात्र व्यक्ति तक समय पर और सहज रूप से पहुंचे। इसी दिशा में ऐसे वितरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को उनके घर के नजदीक आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा सकें। उपरोक्त कार्यक्रम के तहत एडीआईपी योजना के अंतर्गत 104 दिव्यांग लाभार्थियों को 218 सहायक उपकरण प्रदान किये गये। वहीं आरवीवाई योजना के अंतर्गत 189 वरिष्ठ नागरिकों को 1,094 सहायक उपकरण वितरित किये गये है। मौके पर विजय ओझा, ईश्वरी पाण्डेय, बीडीओ आशिष कुमार साहू, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, अशोक मिश्रा, गणेश सिंह, उपेन्द्र सिंह, भोला पाण्डेय, पंकज कुमार तिवारी, राकेश पाण्डेय सहित एलिमको के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### एनपीयू कुलपति को पदमुक्त कर नए कुलपति की हो नियुक्ति : आशीष ठाकुर



**मेदिनीनगर :** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ दिनेश कुमार सिंह को पद से मुक्त कर योग्य एवं सक्षम नये कुलपति की नियुक्ति की मांग को लेकर राज्य सरकार से पहल करने की मांग की है। इस संबंध में पलामू जिलाध्यक्ष आशीष ठाकुर ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने आरोप लगाया है कि कुलपति के कार्यकाल के दौरान विश्वविद्यालय में वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं से संबंधित गंभीर मामले सामने आये हैं। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुये राज्यपाल-सह-कुलाधिपति की ओर से कुलपति को वित्तीय एवं प्रशासनिक शक्तियों से मुक्त करने की कार्रवाई की गई है। आशीष ठाकुर ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने तथा आरोप सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

**गढ़वा**

### हज यात्रा से पहले की तैयारियां शुरू

# 54 हज यात्रियों की हुई मेडिकल स्क्रीनिंग

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** झारखंड राज्य हज समिति, हज हाउस रांची के निर्देश पर गढ़वा जिले से हज यात्रा पर जाने वाले 54 हज यात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग की गई। हज यात्रा से पूर्व यात्रियों की स्वास्थ्य स्थिति की जांच और फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया के तहत सदर अस्पताल गढ़वा के सभागार में मेडिकल जांच शिविर लगाया गया। शिविर के दौरान हज यात्रियों के स्वास्थ्य की विभिन्न स्तरों पर जांच की गई। इसमें ब्लड जांच, एक्सरे और ईसीजी समेत कई आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किये गये। चिकित्सकों ने यात्रियों से उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी ली। जांच का उद्देश्य यात्रा के दौरान किसी तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानी से बचाव और यात्रियों को आवश्यक चिकित्सकीय सलाह उपलब्ध कराना रहा। मेडिकल स्क्रीनिंग की प्रक्रिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी, सदर अस्पताल गढ़वा के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुमार प्रशांत प्रमोद तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझिआंव के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शमशेर सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पूरी की। चिकित्सकों ने हज यात्रियों को यात्रा के दौरान स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने तथा आवश्यक दवाएं साथ रखने समेत अन्य जरूरी जानकारी दी। स्वास्थ्य जांच पूरी होने के बाद निर्धारित मानकों के अनुरूप पात्र यात्रियों को फिटनेस प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा। हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के लिये मेडिकल स्क्रीनिंग को जरूरी प्रक्रिया माना जाता है, ताकि यात्रा के दौरान उनकी स्वास्थ्य स्थिति को ध्यान में रखते हुये आवश्यक सावधानियां बरती जा सकें।

# न्याय रथ पहुंचा रंका, ग्रामीणों को दी निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी




**गढ़वा :** झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के आदेश से चलाये जा रहे न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चलंत लोक अदालत वैन न्याय रथ शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय रंका पहुंचा। प्रखंड सभागार में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को कानूनी अधिकारों और निशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी गई। मौके पर एलएडीसीएस सदस्य विजय कुमार ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार की महत्ता बताते हुये कहा कि पात्र लोगों को निःशुल्क अधिवक्ता की सेवा उपलब्ध कराई जाती है। इसमें सालाना तीन लाख रुपये तक आय वाले व्यक्ति, अनुसूचित जाति-जनजाति, मानसिक एवं बौद्धिक दिव्यांग, बच्चे, महिलाएं और जेल में बंद कैदी शामिल हैं। स्थायी लोक अदालत के सदस्य मनोज कुमार दुबे ने बिजली, पानी, किराया और माल वाहन समेत जनोपयोगी सेवाओं से जुड़े मामलों के बारे में जानकारी दी। पैनल अधिवक्ता सोमनाथ विश्वकर्मा ने नवजात शिशुओं की सुरक्षा और संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि झाड़ियों अथवा अन्य स्थानों पर मिले लावारिस नवजात की सूचना तत्काल पुलिस, जिला बाल कल्याण समिति या पीएलवी को देनी चाहिये। उन्होंने वृद्ध माता-पिता की देखभाल को बेटों और बहुओं का कानूनी व सामाजिक दायित्व बताया। पीएलवी कृष्णा नंद दुबे ने बताया कि जरूरतमंद बच्चों को शिशु गृह के माध्यम से कारा पोर्टल के जरिए दत्तक ग्रहण किया जा सकता है। उन्होंने घरेलू हिंसा और पारिवारिक विवादों का मध्यस्थता केंद्र के माध्यम से समाधान कराने की अपील की। कार्यक्रम में 12 सितंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी देते हुये सुलहनीय आपराधिक मामले, बैंक ऋण, उपभोक्ता, पारिवारिक, बिजली व वन विभाग से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण की अपील की गई। इस दौरान कानूनी पर्चे भी बांटे गये। मौके पर जेएसएलपीएस के सत्येंद्र चंद्रवंशी, पीएलवी अमरेंद्र कुमार, कैमुद्दीन अंसारी, महेंद्र कुमार ठाकुर, सुनील मिंज समेत सैकड़ों वादकारी और ग्रामीण मौजूद थे।

### समाहरणालय परिसर में आज लगेगा रक्तदान शिविर



**मेदिनीनगर :** रक्त की आवश्यकता वाले मरीजों की मदद एवं रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 12 सितंबर को समाहरणालय के ब्लॉक-ए परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में समाहरणालय के पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ-साथ आमजन भी स्वेच्छा से रक्तदान कर सकेंगे। जिला प्रशासन की ओर से सभी समाहरणालय कर्मियों एवं जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की गई है। डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने स्वस्थ एवं योग्य लोगों से आगे आकर रक्तदान करने की अपील की।

### शिकायत पर दो दिन में शुरू हुई कार्रवाई, खराब चापानलों को दुरुस्त करने पहुंची टीम

**मेदिनीनगर :** जन समाधान दिवस में लोगों द्वारा रखी गई समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में जिला प्रशासन लगातार कार्रवाई सुनिश्चित कर रहा है। इसी क्रम में बुधवार को आयोजित जन समाधान दिवस में लेस्लीगंज प्रखंड के ढेला गांव से आये ओम प्रजापति, महेंद्र रजक समेत अन्य ग्रामीणों ने डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत को आवेदन देकर गांव में खराब पड़े तीन चापाकलों की समस्या से अवगत कराया था। ग्रामीणों ने बताया कि कई दिनों से तीनों चापाकल खराब पड़े हैं, जिसके कारण गांव की बड़ी आबादी को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने डीसी से खराब चापाकलों को दुरुस्त कराते हुये पेयजल की समस्या का समाधान कराने का अनुरोध किया। मामले को गंभीरता से लेते हुये डीसी ने ग्रामीणों को शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। इसके बाद शुक्रवार को पेयजल विभाग की टीम दल-बल के साथ ढेला गांव पहुंची और खराब पड़े चापाकलों को दुरुस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी।

### डाउनलोड नहीं करें संदिग्ध एपीके फाईल

**मेदिनीनगर :** पलमू जिला प्रशासन ने आमजनों को सचेत करते हुये कहा है कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा एंड्राइड पैकेज किट अर्थात एपीके फाईल डाउनलोड करने का अनुरोध किया जाता है, तो ऐसी फाईल को डाउनलोड या इंस्टॉल न करें। इस प्रकार की संदिग्ध फाइल डाउनलोड करने से मोबाइल फोन संक्रमित हो सकता है तथा आपके महत्वपूर्ण एवं निजी डेटा के चोरी होने का खतरा हो सकता है। अतः आमजन सावधान एवं सतर्क रहें तथा किसी भी अज्ञात या संदिग्ध एपीके फाइल को डाउनलोड या इंस्टॉल न करें।

### धार्मिक आयोजनों से मन को शांति और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का होता है संचार : विनोद सिंह



**हुसैनाबाद :** पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सह पलामू जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह हुसैनाबाद के कुम्हार टोली स्थित शिव मंदिर में मंदिर कमेटी की ओर से आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के छठी कार्यक्रम में शामिल हुये। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साह और भक्तिभाव के साथ भाग लिया। इससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। विनोद कुमार सिंह ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुये मंदिर कमेटी के सभी सदस्यों को सफल कार्यक्रम के लिये धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दीं। कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी जैसे धार्मिक आयोजन हमारी सनातन संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता को मजबूत करने का काम करते हैं। ऐसे आयोजनों में सभी वर्गों के लोग एक साथ जुटते हैं, जिससे आपसी भाईचारा और सद्भाव बढ़ता है। धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने से मन को शांति मिलती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें सत्य, धर्म, कर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनके संदेशों को अपने जीवन में अपनाकर समाज को बेहतर दिशा दी जा सकती है। उन्होंने युवाओं से भी अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल, श्रवण अग्रवाल, राजेश करन, उदय विश्वकर्मा, रवि चंदेल, हर्ष कुमार सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

### केजी स्कूल में सड़क सुरक्षा विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

# रंगोली में सजा सड़क सुरक्षा का संदेश, रेड हाउस प्रथम

बंशीधर न्यूज




**मेदिनीनगर :** पलामू जिला परिवहन विभाग एवं वरदान चौरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में केजी स्कूल में सड़क सुरक्षा विषय पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। प्रतियोगिता में छह टीमों ने हिस्सा लिया और छात्राओं ने आकर्षक रंगोलियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा से जुड़े संदेश प्रस्तुत किये। रेड हाउस ने प्रथम, येलो हाउस ने द्वितीय और ब्लू हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता टीमों को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। ट्रैफिक प्रभारी रूद्रानंद सरस ने कहा कि सड़क पर बरती गई छोटी सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है। उन्होंने लोगों से हेलमेट पहनने और वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करने की अपील की। रोड सेफ्टी अधिकारी विनीत कुमार सिंह ने भी छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। निर्णायक मंडली में रूद्रानंद सरस, विनीत कुमार सिंह, वरदान चौरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष विवेक वर्मा और उपाध्यक्ष मन्नत सिंह बग्गा शामिल रहे। पुरस्कार वितरण रूद्रानंद सरस, विनीत कुमार सिंह, सचिव शर्मिला वर्मा और प्राचार्य आशीष कुमार दूबे ने संयुक्त रूप से किया।आयोजन में रानू सिन्हा, मंजू चंद्रा, अंकिता वर्मा सहित शिक्षिकाओं अनूप कौर, सुतपा राहा, वीना रहमानी, सुषमा कुमारी, मंजू पांडेय और सुनीता प्रसाद का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




## वामिका, जॉन व रवीना समेत कई हस्तियों को मिलेगा 'सिने काइंड अवॉर्ड्स'

सिनेमा के जरिए सामाजिक सरोकारों और संवेदनशीलता को बढ़ावा देने वाली हस्तियों को सम्मानित करने के लिए सिने काइंड अवॉर्ड्स-2026 का आयोजन किया जा रहा है। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया और पीपल फॉर एनिमल्स के सहयोग से आयोजित यह पहल काइंडनेस, संवेदनशीलता और पशु कल्याण के लिए काम करने वाले लोगों और संस्थाओं को पहचान देने पर केंद्रित है। इस वर्ष सम्मान पाने वाली प्रमुख हस्तियों में अनंत अंबानी, जॉन अब्राहम, रवीना टंडन, वामिका गब्बी, कल्याण वर्मा, अमित राय और राजन शाही के नाम शामिल हैं। इनके अलावा रितेश देशमुख और जेनेलिया देशमुख को भी सम्मानित किया जाएगा। सिने काइंड अवॉर्ड्स के जरिए फिल्मकारों, कलाकारों, पत्रकारों, नवाचार से जुड़े लोगों और जमीनी स्तर पर बदलाव के लिए काम करने वाले व्यक्तियों को सम्मान दिया जाएगा। आयोजकों का कहना है कि सिनेमा सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव और संवेदनशीलता की भावना को बढ़ावा देने का भी जरिया बन सकता है। इस पहल के तहत पशु कल्याण और सामाजिक बदलाव के क्षेत्र में लगातार काम कर रहे संगठनों तथा व्यक्तिगत स्तर पर योगदान देने वालों को भी सम्मानित किया जाएगा। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया भारतीय फिल्म उद्योग के विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था है, जबकि पीपल फॉर एनिमल्स पशु बचाव, पुनर्वास, जागरूकता और अधिकारों के लिए काम करता है। दोनों संस्थाओं का उद्देश्य सिनेमा, संस्कृति और सामाजिक जिम्मेदारी के बीच मजबूत जुड़ाव कायम करना है। सिने काइंड की ज्यूरी में सोनू सूद, हेमा मालिनी, जीनत अमान, सोनाक्षी सिन्हा और श्रिया सरन जैसे नाम शामिल हैं।

## हनुमान अंश की सफलता के बाद संतों के जीवन पर फिल्म बनाएंगी अनुप्रिया



हरिद्वार। बाबा नीम करौरी के जीवन पर आधारित हिंदी फिल्म हनुमान अंश की सफलता के बाद फिल्म की निमार्ता अनुप्रिया अब संत-महापुरुषों के जीवन और उनके आध्यात्मिक संदेश को बड़े पर्दे के माध्यम से नई पीढ़ी तक पहुंचाने की तैयारी में हैं। इसी सिलसिले में उन्होंने शुक्रवार को हरिद्वार पहुंचकर श्री दक्षिण काली मंदिर में पूजा-अर्चना की और निरंजनी पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी से भेंट कर आशीर्वाद लिया। अनुप्रिया ने स्वामी कैलाशानंद गिरी के साथ संत-महापुरुषों के जीवन पर फिल्म निर्माण की संभावनाओं को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हनुमान अंश के निर्माण के दौरान कई तरह की चुनौतियां सामने थीं। फिल्म में किसी बड़े नाम या चर्चित कलाकार के नहीं होने और सीमित बजट में बनने के कारण शुरूआत में इसकी सफलता को लेकर आशंकाएं जताई जा रही थीं। इसके बावजूद फिल्म को दर्शकों का समर्थन मिला और यह लगातार अपनी पहचान बना रही है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से युवा और जेन-जी वर्ग में फिल्म को मिल रही प्रतिक्रिया उत्साहजनक है। बाबा नीम करौरी के जीवन से जुड़े प्रसंगों को सरल और सहज तरीके से प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया, जिससे दर्शक उनसे जुड़ सके। अनुप्रिया के अनुसार, फिल्म की सफलता ने उन्हें संत-महापुरुषों के जीवन और उनके विचारों पर आगे काम करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि स्वामी कैलाशानंद गिरी से मुलाकात के दौरान संतों के जीवन,उनकी साधना और समाज को दिए गए संदेशों को फिल्म के माध्यम से प्रस्तुत करने को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इस दिशा में जल्द ही नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने की योजना है।

### आदर्श गांव का यह कैसा हाल? कीचड़ में रास्ता, उफनती धुरिया और चारपाई पर अस्पताल

# सात साल का आदर्श विकास नदी में बहा, घासीदाग में आज भी चारपाई ही एंबुलेंस!

**सांसद आदर्श ग्राम बने सात साल, फिर भी सड़क-पुल-स्वास्थ्य की बदहाली कायम**

**बरसात में गांव बन जाता है टापू**

**बच्चों की पढ़ाई से मरीजों की जिंदगी तक संकट में**

वेणुगोपाल



**विश्रामपुर :** सांसद आदर्श ग्राम का तमगा मिला, लेकिन आदर्श सुविधाएं आज तक नहीं मिलीं। वर्ष 2019 में सांसद विष्णु दयाल राम ने घासीदाग पंचायत को सांसद आदर्श ग्राम के रूप में गोद लिया था। सात साल का लंबा वक्त गुजर गया, लेकिन गांव की तस्वीर अब भी विकास के दावों को मुंह चिढ़ा रही है। सड़क की जगह कीचड़, पुल की जगह उफनती नदी और अस्पताल पहुंचने के लिए एंबुलेंस की जगह चारपाई-यही घासीदाग की जमीनी हकीकत है।

बारिश शुरू होते ही घासीदाग की मुश्किलें कई गुना बढ़ जाती हैं। कजरू कला से घासीदाग तक करीब सात किलोमीटर कच्चा रास्ता कई जगह पानी के तेज बहाव में बह चुका है। अधिकांश रास्ता कीचड़ में बदल गया है। दोपहिया और चारपहिया वाहन चलाना मुश्किल है। सबसे बड़ी मार गंभीर मरीजों पर पड़ती है। मरीजों को चारपाई पर लादकर कीचड़, नदी और दुर्गम रास्तों को पार कर अस्पताल तक पहुंचाने की मजबूरी है।

### 25 किमी दूर मुख्यालय, आखिरी 7 किमी विकास से कटे

घासीदाग पंचायत पहाड़ों से घिरी हुई है। प्रखंड मुख्यालय से इसकी दूरी करीब 25 किलोमीटर है। पांडू प्रखंड के कजरू कला तक करीब 18 किलोमीटर जाने के बाद आगे सात किलोमीटर का कच्चा रास्ता घासीदाग तक पहुंचाता है। यही सात किलोमीटर बरसात में पूरे पंचायत के लिए सबसे बड़ी आफत बन जाता है।

कई स्थानों पर सड़क का नामोनिशान तक नहीं बचता। कीचड़ और पानी के बीच ग्रामीणों को पैदल चलना पड़ता है। जिस सड़क को विकास की पहली सीढ़ी होना चाहिए था, वही घासीदाग में विकास की सबसे बड़ी दीवार बन गयी है।

### धुरिया नदी ने रोक रखी है जिंदगी की रफ्तार

पंचायत के दो तरफ धुरिया नदी बहती है। नदी पर पुल नहीं होने के कारण बरसात में गांवों का संपर्क टूट जाता है। नदी का जलस्तर बढ़ते ही ग्रामीणों की मुश्किलें भी बढ़ जाती हैं। बच्चों के लिए स्कूल जाना चुनौती बन जाता है और मरीजों के लिए अस्पताल पहुंचना जोखिम। ग्रामीणों के अनुसार कई बार नदी पार करना इतना खतरनाक हो जाता है कि बच्चे स्कूल नहीं जा पाते। गंभीर मरीजों को चारपाई पर उठाकर नदी और कीचड़ भरे रास्ते से बाहर निकालना पड़ता है। सवाल सीधा है-जिस गांव को सात साल पहले आदर्श बनाने का सपना दिखाया गया था, वहां आज भी मरीज चारपाई और ग्रामीण नदी के भरोसे क्यों हैं?

### 8वीं के बाद 10 किमी दूर शिक्षा का रास्ता

पंचायत में एक मध्य विद्यालय है, लेकिन उच्च विद्यालय नहीं है। आठवीं कक्षा के बाद बच्चों को करीब 10 किलोमीटर दूर पांडू कल्याण उच्च विद्यालय जाना पड़ता है। सड़क खराब और नदी पर पुल नहीं होने के कारण बरसात में यह दूरी और कठिन हो जाती है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क और नदी की समस्या का सबसे सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। किताबें हाथ में हैं, लेकिन स्कूल तक पहुंचने का रास्ता नहीं।

### स्वास्थ्य भवन बना, इलाज अब भी दूर

करीब पांच वर्ष पहले पंचायत में स्वास्थ्य भवन बनाया गया। लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि भवन बनने के बाद भी नियमित चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मियों की व्यवस्था नहीं हो सकी। यानी इमारत खड़ी है, इलाज की व्यवस्था गायब है। दुर्गम क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्र का उद्देश्य ही यह था कि ग्रामीणों को मामूली और जरूरी उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़े। लेकिन डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी उपलब्ध नहीं होने से ग्रामीणों को इलाज के लिए बाहर जाना पड़ता है। गंभीर स्थिति में सड़क और नदी की बाधा जानलेवा साबित हो सकती है।

### आदर्श ग्राम, लेकिन जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी कितनी?

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की पंचायत में आवाजाही बेहद कम है। ग्रामीणों के अनुसार सांसद विष्णु दयाल राम तीन बार सांसद बनने के बाद यहां केवल दो बार पहुंचे हैं। इससे पहले किसी सांसद के पंचायत में आने की जानकारी ग्रामीणों को नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार तत्कालीन विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी करीब 20 वर्ष पहले एनपीएस स्कूल भवन के शिलान्यास के लिए यहां पहुंचे थे। आदर्श ग्राम की निगरानी अगर मौके से नहीं होगी, तो फाइलों में दर्ज विकास और जमीन पर मौजूद बदहाली के बीच की दूरी कौन मापेगा?

### उग्रवाद की मार झेली, अब विकास की बेरुखी क्यों?

ग्रामीणों के अनुसार घासीदाग की दुर्गम भौगोलिक स्थिति के साथ लंबे समय तक उग्रवाद भी विकास की राह में बाधा रहा। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण माओवादी नक्सलियों और टीपीएससी उग्रवादियों की गतिविधियों का असर रहा। सड़क और पुल के अभाव में पुलिस की पहुंच भी सीमित रही। लेकिन अब ग्रामीणों का सवाल है कि जब उग्रवाद का दौर पीछे छूट रहा है तो विकास की रफ्तार अभी भी इतनी धीमी क्यों है? वर्षों से सड़क और पुल का इंतजार कर रहे ग्रामीण आखिर कब तक दुर्गम रास्तों के भरोसे रहेंगे?

### ग्रामीणों का दो टूक : पहले सड़क और पुल चाहिए

ग्रामीण अमित कुमार ने कहा कि पंचायत की स्थिति देखकर लगता है कि वे आज भी पाषाण युग में जीवन जी रहे हैं। सरकार और जिला प्रशासन को घासीदाग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना चाहिए। रविकांत रवि ने कहा कि घासीदाग के विकास की पहली शर्त सड़क है। सड़क बनते ही शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के रास्ते खुलेंगे। रामकुमार विश्वकर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन ने ग्रामीणों को भगवान भरोसे छोड़ दिया है। मीना देवी और चिंता देवी ने कहा कि सड़क नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई के अलावा शादी-विवाह और अन्य जरूरी कामों में भी परेशानी होती है। ग्रामीणों की मांग साफ है-सबसे पहले सड़क बने और धुरिया नदी पर पुल का निर्माण हो।



### बड़ा सवाल

सात साल में भी आदर्श गांव की बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं हुईं तो आदर्श किस चीज का? घासीदाग को सांसद आदर्श ग्राम घोषित हुए सात साल हो गये। फिर भी ग्रामीण सड़क, पुल, स्कूल और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं। बरसात में गांव की कनेक्टिविटी टूटती है, मरीज चारपाई पर निकलते हैं और बच्चे स्कूल जाने से वंचित होते हैं। ऐसे में सवाल सिर्फ विकास का नहीं, बल्कि उस विकास मॉडल की जवाबदेही का है जिसके तहत घासीदाग को आदर्श ग्राम बनाया गया था।

### फैक्ट फाइल

आबादी : करीब 6500
मतदाता : करीब 3700
प्रखंड मुख्यालय से दूरी : करीब 25 किमी
कजरू कला से घासीदाग : करीब 7 किमी कच्चा रास्ता
विद्यालय : एक मध्य विद्यालय
आठवीं के बाद : करीब 10 किमी दूर पढ़ाई
स्वास्थ्य भवन : करीब पांच वर्ष पहले निर्मित
धुरिया नदी : पुल का अभाव
राजखड़ : आदिम जनजाति की अधिक आबादी
सामाजिक संरचना : दलित, आदिवासी और ओबीसी आबादी बहुल

### डाली में रेलवे स्टेशन की मंजूरी पर ग्रामीणों में खुशी, सांसद का किया भव्य स्वागत

# डाली में रेलवे स्टेशन सांसद विष्णु दयाल राम की देन : डॉ कौशल

बंशीधर न्यूज

**छतरपुर :** शेरघाटी से कजरी तक नई रेल लाईन को मंजूरी मिलने और डाली में रेलवे स्टेशन बनने की खबर से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। शुक्रवार को चेगौना धाम में पंचायत डाली से पहुंचे सैकड़ों ग्रामीणों ने सांसद विष्णु दयाल राम का फूल-माला, अंगवस्त्र और पौधा भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर पर्यावरणविद् डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने कहा कि डाली में रेलवे स्टेशन सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयासों की देन है। उन्होंने कहा कि रेलवे लाईन और स्टेशन की सुविधा मिलने से डाली समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने सांसद को डाली पंचायत में आने का न्योता भी दिया। सांसद विष्णु दयाल राम ने ग्रामीणों का आमंत्रण स्वीकार करते हुये जल्द ही डाली आने की बात कही। इसके बाद वे छतरपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिये रवाना हो गये। उधर सांसद के स्वागत के लिये डाली पंचायत से बड़ी संख्या में ग्रामीण चेगौना धाम पहुंचे थे। ग्रामीणों ने रेलवे सुविधा मिलने की उम्मीद पर खुशी जताते हुये इसे क्षेत्र के लिये महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। मौके पर पूर्व उपमुखिया शिवनंदन यादव, अफजाल अंसारी, रामजी प्रसाद, जुबेर अंसारी, धर्मदेव यादव, गुलाम गौस, रामजन्म यादव, विजय प्रसाद गुप्ता, रामाशीष राम, विनोद राम, रजि अहमद, सत्येंद्र विश्वकर्मा, मुमताज हाफिज, वसीम अंसारी, गुलाम सरवर, इस्लाम अंसारी, बाबूराम, महावीर भुईयां, अवधेश राम, मकबूल अंसारी, शाहजहां समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)